**A**

**CCE RR/PR/PF/
NSR/NSPR
FULL SYLLABUS**

**ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ,
ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003**

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD,
MALLESHWARAM, BENGALURU – 560 003**

**ಜೂನ್ 2024 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ - 2**

**JUNE 2024 EXAMINATION - 2**

**ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು**

**MODEL ANSWERS**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H** **Code No. : 61-H**

**ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ**

**Subject : Third Language — HINDI**

**( ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ /
ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. / ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)**

**( Regular Repeater / Private Repeater / Private Fresh / NSR / NSPR )**

**ದಿನಾಂಕ : 15. 06. 2024 ]** **[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80**

**Date : 15. 06. 2024 ]** **[ Max. Marks : 80**

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| **I.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8** | |
| 1. | ‘हार’ शब्द का विलोम रूप है –<br>(A) पराजय (B) जीत<br>(C) हानि (D) माला<br>**उत्तर :** (B) जीत | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 2. | 'नर' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –<br>(A) नारा (B) नरम<br>(C) नया (D) नारी<br>**उत्तर :** (D) नारी | 1 |
| 3. | निम्नलिखित में से 'एकवचन' शब्द है –<br>(A) चट्टान (B) टोलियाँ<br>(C) सेवाएँ (D) गमले<br>**उत्तर :** (A) चट्टान | 1 |
| 4. | 'जागना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –<br>(A) जागो (B) जगवाना<br>(C) जगाना (D) जाग<br>**उत्तर :** (C) जगाना | 1 |
| 5. | 'कवींद्र' शब्द में संधि है –<br>(A) गुण (B) दीर्घ<br>(C) अयादि (D) वृद्धि<br>**उत्तर :** (B) दीर्घ | 1 |
| 6. | निम्नलिखित में से 'द्विगु समास' का उदाहरण है –<br>(A) शताब्दी (B) कार्यकुशल<br>(C) पाप–पुण्य (D) नीलकंठ<br>**उत्तर :** (A) शताब्दी | 1 |
| 7. | इंटरनेट का अर्थ क्या है ?<br>वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –<br>(A) पूर्ण विराम (B) योजक चिह्न<br>(C) विस्मयादिबोधक (D) प्रश्नवाचक<br>**उत्तर :** (D) प्रश्नवाचक | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 8. | रमेश कलम .............. पत्र लिखता है ।<br>रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –<br>(A) ने (B) से<br>(C) में (D) पर<br>**उत्तर :** (B) से | 1 |
| **II.** | **निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4** | |
| 9. | निमकौड़ी का स्वाद : कड़वा : : सेब का स्वाद : .............<br>**उत्तर :** मीठा / रसीला | 1 |
| 10. | रेखाचित्र : गिल्लू : : व्यंग्य रचना : .........................<br>**उत्तर :** ईमानदारों के सम्मेलन में | 1 |
| 11. | कर्नाटक के पश्चिम में : अरबी समुद्र : : कर्नाटक के दक्षिण में : ...........<br>**उत्तर :** नीलगिरि पर्वतावलियाँ | 1 |
| 12. | बलभद्र : बलराम : : जसोदा : ..................<br>**उत्तर :** यशोदा | 1 |
| **III.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4 × 1 = 4** | |
| 13. | लेखक परसाई जी को कहाँ ठहराया गया था ?<br>**उत्तर :** होटल के एक बड़े कमरे में | 1 |
| 14. | साधोराम कहाँ काम करता था ?<br>**उत्तर :** धीरज सक्सेना के घर में | 1 |
| 15. | 'अभिनव मनुष्य' विजयी बनकर कहाँ आसीन है ?<br>**उत्तर :** प्रकृति पर | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| 16. | मातृभूमि के वन-उपवन कैसे हैं ?<br>**उत्तर :** फल-फूलों से युक्त हैं । | 1 |
| **IV.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**<br>**8 × 2 = 16** | |
| 17. | प्रेमचंद जी को किस बात का गम हुआ ?<br>**उत्तर :** प्रेमचंद जी को चार आने पैसे खोने का इतना गम न हुआ, जितना समाज के इस चारित्रिक पतन का । | 2 |
| 18. | आदिवासी दोस्त जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?<br>**उत्तर :** * आदिवासी दोस्त मकान बनाना चाहते थे ।<br>* पशुओं से मकान बनाने का तरीका जानने के लिए जंगल की ओर चल पड़े । | 2 |
| 19. | धीरज सक्सेना बुद्धिमान रोबोट क्यों रखना चाहते थे ?<br>**उत्तर :** * नाती-पोतों का होमवर्क कराने ।<br>* वर्ड प्रोसेसर पर अपना काम संभालने के लिए । | 2 |
| 20. | बाल-शक्ति के बच्चे गाँव की गंदगी को कैसे दूर करते हैं ?<br>**उत्तर :** * रोज़ एक घंटा गाँव की सफ़ाई में लगाते हैं ।<br>* गाँव का कूड़ा डालने के लिए एक निश्चित जगह बनाते हैं ।<br>* सभी को उसी जगह कूड़ा डालने को कहते हैं ।<br>( कोई 2 - 3 अंश ) | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 21. | कृष्ण अपनी माता यशोदा से क्या–क्या शिकायतें करता है ?<br>**उत्तर :** * भाई बलराम बहुत चिढ़ाता है ।<br>* कहता है – माँ यशोदा ने जन्म नहीं दिया है, बल्कि मोल लिया गया है ।<br>* बार–बार पूछता है – तुम्हारे माता–पिता कौन हैं ?<br>* नंद और यशोदा गोरे हैं, तुम क्यों काले हो ?<br>* ग्वाल मित्र बलराम की बातें सुनकर चुटकी बजा–बजाकर हँसते हैं ।<br>( इनमें से कोई 3 - 4 अंश ) | 2 |
| 22. | 'अभिनव मनुष्य' कविता का आशय स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :** * स्नेह, मानवीयता, भाईचारा आदि का महत्व समझना ।<br>* मानव–मानव से प्रेम का रिश्ता जोड़ना ।<br>* स्वयं को पहचानना ।<br>* आपस की दूरी को मिटाना ।<br>* बुद्धि पर चैतन्य उर की जीत होना ।<br>( कोई 3 - 4 अंश ) | 2 |
| 23. | शनि का वायुमंडल किन–किन गैसों से बना है ?<br>**अथवा**<br>शनैःचर का अर्थ क्या है ?<br>**उत्तर :** हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन तथा एमोनिया गैसों से बना है ।<br>**अथवा**<br>धीमी गति से चलनेवाला । आकाश के गोल पर शनि ग्रह बहुत धीमी गति से चलता दिखाई देता है । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 24. | पाठ में सत्य के स्वरूप को कैसे उजागर किया गया है ?<br>**अथवा**<br>कार्यशिबिर के अंत में छात्रों को मीना मैडम क्या संदेश देती हैं ?<br>**उत्तर :** सत्य बहुत ही भोला-भाला, बहुत ही सीधा-सादा है । सत्य दृष्टि का प्रतिबिंब है । ज्ञान की प्रतिलिपि है, आत्म की वाणी है । जो कुछ भी आँखों से देखा, उसे बिना नमक-मिर्च लगाए बोलना ही सत्य है ।<br>**अथवा**<br>* आज के बच्चे कल के नागरिक हैं ।<br>* नागरिक कर्तव्यों का पालन करना शुरू करो।<br>* आपके हित के साथ देश का कल्याण भी होगा । | 2 |
| **V.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**<br>**9 × 3 = 27** | |
| 25. | गिल्लू के प्रति लेखिका अपना प्रेम कैसे प्रकट करती हैं ? बताइए ।<br>**उत्तर :** * घायल गिल्लू को हौले से उठाकर अपने कमरे में लाती है ।<br>* रूई से रक्त पोंछती है ।<br>* घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाती है ।<br>* प्यार से 'गिल्लू' कहकर बुलाती है ।<br>* फूल रखने की डलिया में घर बनाती है ।<br>* खाने के लिए काजू और बिस्कुट देती है ।<br>* थाली के पास बिठाकर चावल का एक-एक दाना बड़ी सफाई से खाना सिखाती है ।<br>* अंतिम समय में हिटर जलाकर उष्णता देती है ।<br>* सोनजुही लता के नीचे समाधि बनाती है ।<br>( कोई 3 - 4 अंश ) | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 26. | पं० राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए ।<br>**उत्तर :** * पं० राजकिशोर किशनगंज में रहते थे ।<br>* मजदूरों के नेता थे । मजदूरों की बस्ती में जाकर लेक्चर देते थे ।<br>* बसंत की सहायता करने के लिए एक छलनी खरीदते हैं ।<br>* मोटर दुर्घटना में घायल बसंत का इलाज करवाते हैं । उसे अस्पताल ले जाने का प्रबंध भी करते हैं ।<br>* गरीब और कंगालों के प्रति हमदर्दी दिखाते हैं ।<br>* परोपकारी गुण के व्यक्ति थे ।<br>( कोई 3 - 4 अंश ) | 3 |
| 27. | 'सोशल नेटवर्किंग' का परिचय दीजिए ।<br>**उत्तर :** * सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है ।<br>* दुनिया भर के लोगों को एक जगह पर ला खड़ा कर दिया है ।<br>* फेसबुक, आरकुट, ट्विटर आदि इसके साइट्स हैं ।<br>* देश-विदेश के लोगों की रहन-सहन, खान-पान, वेश-भूषा आदि का परिचय होता है ।<br>* शीघ्रातिशीघ्र इसका प्रभाव समाज पर पड़ता है । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 28. | कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** * कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला अनोखी है ।<br>* बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु, बेलूरू, हलेबीडु, सोमनाथपुर मंदिर के पत्थर की मूर्तियाँ सजीव लगती हैं ।<br>* श्रवणबेलगोल में गोमटेश्वर की एकशिला प्रतिमा है ।<br>* विजयपुरा के गोलगुंबज की व्हिस्परिंग गैलरी वास्तुकला का अद्वितीय दृष्टांत है ।<br>* मैसूरू का राजमहल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है ।<br>* प्राचीन सेंट फिलोमिना चर्च और पुरातत्व वस्तु संग्रहालय अत्यंत आकर्षणीय है ।<br>( कोई 3 - 4 अंश ) | 3 |
| 29. | 'महिला की साहस गाथा' पाठ से क्या सीख मिलती है ? बताइए ।<br>**उत्तर :** * महिलाएँ भी साहस में पुरुषों से कम नहीं हैं ।<br>* साहस गुण, दृढ़ निश्चय, अथक परिश्रम, मुसीबतों का सामना करना आदि आदर्श गुण सीखते हैं ।<br>* बचेन्द्री पाल से प्रेरणा पाकर छात्र साहसी भाव अपना लेते हैं । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 30. | कविता में मातृभूमि की विशेषताओं का वर्णन कैसे किया गया है ?<br>**उत्तर :** * मातृभूमि अमरों की जननी है ।<br>* गांधी, बुद्ध और राम उर में शायित हैं ।<br>* हरे-भरे सुहाने खेत हैं ।<br>* फल-फूलों से भरे वन-उपवन हैं ।<br>* मातृभूमि के अंदर अपार खनिज-संपदा है ।<br>* मुक्त हस्त से सुख-संपत्ति बाँट रही है ।<br>* भारत माँ के एक हाथ में न्याय का पताका है ।<br>* दूसरे हाथ में ज्ञान का दीप है ।<br>( कोई 4 - 5 अंश ) | 3 |
| 31. | 'समय की पहचान' कविता की अंतिम चार पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :** * मन लगाकर काम करना चाहिए ।<br>* अपनी आत्मा पर विश्वास करना चाहिए ।<br>* संदेह को भगा देना चाहिए ।<br>* सब समय सुसमय है ।<br>* समय को खोने से हमेशा के लिए पछताना पड़ता है । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 32. | निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :<br><br>राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।<br>तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ।।<br><br>**उत्तर :** प्रस्तुत दोहे के द्वारा तुलसीदास जी कहते हैं कि जिस तरह देहरी पर दिया रखने से घर के भीतर तथा आँगन में प्रकाश फैलता है उसी तरह राम-नाम जपने से मानव की आंतरिक और बाह्य शुद्धि होती है । | 3 |
| 33. | गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :<br><br>कर्नाटक में कन्नड़ भाषा बोली जाती है और इसकी राजधानी बेंगलूरू है । यहाँ देश-विदेश के लोग आकर बस गये हैं ।<br><br>**उत्तर :** ಕರ್ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಕನ್ನಡ ಭಾಷೆ ಮಾತನಾಡುತ್ತಾರೆ ಮತ್ತು ಬೆಂಗಳೂರು ಇದರ ರಾಜಧಾನಿಯಾಗಿದೆ. ಇಲ್ಲಿ ದೇಶ-ವಿದೇಶದಿಂದ ಜನರು ಬಂದು ನೆಲೆಸಿದ್ದಾರೆ.<br><br>Kannada Language is being spoken in Karnataka. Bangaluru is its capital. People from across the globe reside here. | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VI. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच–छः वाक्यों में लिखिए :** | |
| | **2 × 4 = 8** | |
| 34. | जैनुलाबदीन का परिचय दीजिए । | |
| | **अथवा** | |
| | कलाम के व्यक्तित्व निर्माण में जलालुद्दीन का क्या योगदान है ? स्पष्ट कीजिए । | |
| | **उत्तर :** * जैनुलाबदीन अब्दुल कलाम के पिता थे । | |
| | * अच्छी औपचारिक शिक्षा नहीं हुई थी लेकिन बुद्धिमान थे । | |
| | * धनी व्यक्ति नहीं थे पर उदार स्वभाव के थे । | |
| | * आडंबरहीन व्यक्ति थे । | |
| | * अनावश्यक और ऐशो–आराम वाली चीज़ों से दूर रहते थे । | 4 |
| | * नौकाएँ बनाने का काम करते थे । | |
| | * पक्षी लक्ष्मण शास्त्री के अभिन्न मित्र थे । | |
| | ( कोई 5 - 6 अंश ) | |
| | **अथवा** | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * जलालुद्दीन कलाम के 'अंतरंग मित्र' बन गये थे ।<br>* कलाम को 'आजाद' कहकर पुकारते थे ।<br>* रोज़ शाम को घूमने जाते और आध्यात्मिक विषयों पर बातें करते थे ।<br>* हमेशा शिक्षित व्यक्तियों, वैज्ञानिक खोजों, समकालीन साहित्य और चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियों के बारे में बताकर कलाम को सीमित दायरे से बाहर निकालकर नई दुनिया का बोध कराया ।<br>* पूरे इलाके में सिर्फ जलालुद्दीन ही अंग्रेजी में लिख सकते थे ।<br>* जलालुद्दीन को बाहरी दुनिया का बड़ा ज्ञान था ।<br>( कोई 5 - 6 अंश ) | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 35. | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :<br><br>असफलता ..............................<br><br>..........................................<br><br>..........................................<br><br>.............................. भागो तुम ।<br><br>**उत्तर :** असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,<br>क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो ।<br>जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,<br>संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम । | 4 |
| **VII.** | **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 × 4 = 4** | |
| 36. | अहिंसा व सत्य को अपना धर्म माननेवाले मोहनदास करमचंद गाँधी स्वाधीनता संग्राम के नायक के रूप में नज़र आए । गाँधीजी के गुणों से प्रभावित होकर रवींद्रनाथ टैगोर ने सर्वप्रथम उन्हें 'महात्मा' का दर्जा दिया था । सत्य और अहिंसा के बल पर | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | अंग्रेजों से भारत को स्वतंत्र कराने वाले महापुरुष गाँधीजी को 'राष्ट्रपिता' के रूप में भी जाना जाता है । गाँधीजी का पूरा जीवन मातृभूमि को समर्पित था । ''सादा जीवन उच्च विचार'' उनका मूल मंत्र था ।<br>(अ) गाँधीजी किसे अपना धर्म मानते थे ?<br>(आ) रवींद्रनाथ टैगोर ने गाँधीजी को 'महात्मा' का दर्जा क्यों दिया ?<br>(इ) गाँधीजी का जीवन किसके प्रति समर्पित था ?<br>(ई) गाँधीजी का मूल मंत्र क्या था ? | |
| | **उत्तर :** (अ) अहिंसा व सत्य | 1 |
| | **उत्तर :** (आ) गाँधीजी के गुणों से प्रभावित होकर | 1 |
| | **उत्तर :** (इ) मातृभूमि को समर्पित | 1 |
| | **उत्तर :** (ई) 'सादा जीवन उच्च विचार' | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| **VIII.** | **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : 1 × 4 = 4** | |
| 37. | (क) **मेरा प्रिय कर्नाटक**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ विषय विस्तार<br>✳ कर्नाटक की विशेषताएँ<br>✳ उपसंहार ।<br>(ख) **जनसंख्या की समस्या**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ जनसंख्या वृद्धि के कारण<br>✳ परिणाम व उपचार<br>✳ उपसंहार ।<br>(ग) **समय का महत्व**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ समय का सदुपयोग<br>✳ समय का महत्व<br>✳ उपसंहार । | |
| | **उत्तर :** ✳ प्रस्तावना 1<br>✳ विषय प्रवेश 2<br>✳ उपसंहार 1 | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| IX. | **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5** | |
| 38. | चंद्रयान-3 के बारे में बताते हुए मित्र / सहेली के नाम एक पत्र लिखिए ।<br>**अथवा**<br>बड़ी बहन की शादी में भाग लेने के लिए तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधान अध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए ।<br>**उत्तर : पारिवारिक पत्र –**<br>✳ प्रेषक का पता व दिनांक $\frac{1}{2}$<br>✳ संबोधन एवं अभिवादन 1<br>✳ पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>✳ समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$<br>**अथवा**<br>**व्यावहारिक पत्र –**<br>✳ प्रेषक का पता $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$<br>✳ विषय $\frac{1}{2}$<br>✳ संबोधन $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>✳ समाप्ति $\frac{1}{2}$ | 5 |